समाचार

मुख्य मार्ग, फुटपाथ पर अस्थाई दखल, अतिक्रमण को हटाएगा निगम

कोरबा 12 फरवरी 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत स्थित प्रतिष्ठानों एवं फुटकर व्यवसायियों द्वारा मुख्यमार्ग, फुटपाथ आदि पर अवैध रूप से सामान रखकर अस्थाई दखल, अतिक्रमण किए जाने के कारण आवागमन व यातायात में व्यवधान उपस्थित होता है, दुर्घटना की संभावना बनती है तथा आमजन को अनावश्यक परेशानी होती है, इसके मद्देनजर निगम द्वारा 15 फरवरी से आई.टी.आई.तानसेन चौक साकेत भवन से सीतामणी तक स्थित मुख्य मार्ग, फुटपाथ आदि से अतिक्रमण, अस्थाई दखल हटाए जाने की कार्यवाही की जाएगी। निगम द्वारा प्रतिष्ठानों, फुटकर व्यापारियों से कहा गया है कि उनके द्वारा मुख्य मार्ग, फुटपाथ आदि पर विक्रय सामग्री रखकर अतिक्रमण, अस्थाई दखल करने से यातायात में व्यवधान उत्पन्न होता है, जिसके मद्देनजर निगम द्वारा यह अभियान चलाया जाना है, अतः मुख्य मार्ग, फुटपाथ पर सामग्री रखकर अतिक्रमण न करें तथा निगम द्वारा चलाए जाने वाले इस विशेष अभियान से होने वाली असुविधा से बचे।